बालाजी हमारा साथ कभी ना छोड़ना

बालाजी हमारा साथ कभी ना छोड़ना,
बच्चों का दिल नहीं तोड़ना,
बालाजी हमारा साथ कभी ना छोड़ना ॥

तेरे ही भरोसे चले जा रहे हैं;
संकट हमारे टले जा रहे हैं,
मुंह ना कभी हमसे मोड़ना,
बालाजी हमारा साथ कभी ना छोड़ना ॥

अंजनी दुलारे तुम ही हो सहारा,
बिना आपके बिल्कुल नहीं गुजारा,
रिश्ता सदा ही तुमसे जोड़ना,
बालाजी हमारा साथ कभी ना छोड़ना ॥

आओ घर हमारे राम भक्त प्यारे,
लक्ष्मण के प्राण जैसे आपने उबारे,
"श्याम" का भी तुम बिन कोई और ना,
बालाजी हमारा साथ कभी ना छोड़ना ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24780/title/balaji-humara-saath-kabhi-na-chodna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |